कारागांव में देवादेवियों के नव कलेवर प्रतिस्थापित

डाबुगां 23 अप्रैल (सन्यूस) उमरकोट ब्लाक अंतर्गत कारागांव में गत दिवस विभिन्न देवादेवियों के काष्ठ निर्मित नव कलेवर का विधिपूर्वक स्थापना किया गया।

कारागांव में आदिवासियों के पारंपरिक वर्षानुसार तीन पाट अर्थात 120 वर्ष के बाद गांव के मां दंतेश्वरी मावली एवं काला भैरव का कलेवर (लकड़ी से निर्मित प्रतिमा) बदलने का निर्णय लिया गया एवं देवी पूजकों व्दारा स्थानीय वन से पेड़ का चयन कर विधि विधान पूर्वक पूजार्चना कर वृक्ष छेदन रश्म पूरा किया गया। इसके पश्चात जीरागुड़ा व गार्डटियागुड़ा के काष्ठ कारीगर राजमन भत्रा एवं अमरसिंह भत्रा के व्दारा नियमपूर्वक 21 दिनों में काष्ठ कलेवरों के निर्माण किया।

गत दिवस शुभ मुहूर्त में नव निर्मित काष्ठ कलेवरों को मंदिर में लाया गया एवं पोड़ागड़ के मुख्य पूजक कृष्ण पुजारी, विज्ञाल पुजारी, पूर्ण पुजारी, नारायण पुजारी, आदि के व्दारा विधि विधान पूर्वक भव्य पूजा अर्चना कर पुराने काष्ठ कलेवरों को हटाया जाकर ने कलेवरों का प्रतिस्थापना किया गया। इस मौके पर कारागांव के लखी माझी, रवि माझी, महेंद्र माझी, गुरुवार माझी, उदे भत्रा, संस्कृति अनुसंधान कर्ता कैलाश चंद्र बेहेरा, पोड़ागड़ धर्माथ ट्रस्ट के अध्यक्ष उर्ध्वचरण नायक के अलावा आसपास गांवों के ग्रामीणों ने भारी संख्या में उपस्थित थे।

ग्रीष्मावकाश की तिथि संशोधित अब 4 मई से

डाबुगां 23 अप्रैल (सन्यूस) ग्रीष्मावकाश की तिथि रद्द होने पर अपने अपने घर चले गये शिक्षकों ने पुनः स्कूलों में पहुंचने लगे है।

राज्य लोक शिक्षा विभाग की ओर से गत 18 अप्रैल से स्कूलों में ग्रीष्मावकाश घोषित कर दिया गया। जिसके चलते अन्य जिलों से डाबुगां क्षेत्रे में पदस्थ कई शिक्षकों ने अपने परिवार को लेकर उनके गृह जिलों में चले गये थे। इस बीच राज्य लोक शिक्षा विभाग की ओर से ग्रीष्मावकाश को संशोधित करते हुये यह तिथि को आगामी 4 मई कर दी गई है आगामी 4 मई तक शिक्षकों को नियमित रुप से विद्यालय संचालित कर इस अवधि में नये विधार्थियों का दाखिला लेने एवं पाठ्य पुस्तक आदि का व्यवस्था करने निर्देशित किया गया है। इसके अलावा विधालयों कता सतत निगरानी करने एवं अनुपस्थित शिक्षकों का सूची प्रस्तुत करने संकुल केंद्र समन्वय को निर्देशित किया गया है।

ग्रीष्मावकाश निरस्त होने की सूचना मिलते ही शिक्षकों ने अपने अपने विधालय पहुंचने लगे है।

बिजली विभाग के 492 अधिकारी.कर्मचारियों पर गिरी गाज

✷ बिजली सप्लाई में गड़बड़ी का मामला एफआईआर भी कराई

भोपाल 23 अप्रैल (ए) प्रदेश में सत्तारुढ कांग्रेस ने बिजली की आपूर्ति में लापरवाही एवं अनियमितता बरतने वाले सैकड़ों की संख्या में अधिकारी.कर्मचारियों पर गाज गिराई है। चुनावी बेला में बिजली की सप्लाई में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त करने के मूड में नहीं हैं। इस तरह के संकेत सरकार ने ताजा कार्रवाई करके दे दिए हैं। प्रदेश में बिजली सप्लाई में अनियमितता करने वाले 492 अधिकारियों.कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही अवैध रूप से बिजली लाइन में तार डालकर ट्रिपिंग करने वाले छह अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के साथ ही बाबई में दो लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। सीहोर और भोपाल में दो.दो राजगढ़ और होशंगाबाद में एक.एक एफआईआर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ दर्ज की गई है। ऊर्जा विभाग द्वारा विद्युत प्रदाय में अनियमितता पर 165 अधिकारी.कर्मचारी को निलंबितए 87 को कारण बताओ नोटिस और 240 की सेवा समाप्त की गई हैं।

निलंबितों में चार कार्यपालन अभियंताए 10 सहायक अभियंताए 35 कनिष्ठ अभियंता और 116 लाइनमैन शामिल हैं।वर्ष 2017.18 में अप्रैल में बिजली की अधिकतम मांग 8 हजार 177 मेगावाट थीए जो वर्ष 2018.19 में 8 हजार 434 और वर्ष 2019.20 में 21 अप्रैल तक बढ़कर 9 हजार 443 मेगावाट हो गई है। अपर मुख्य सचिव ऊर्जा आईसीपी केशरी ने बताया कि आंधी.तूफान एवं अन्य प्राकृतिक कारणों से जहां पूरे प्रदेश में 16 अप्रैल को 10 हजार 387 ट्रिपिंग हुईं। वहीं 17 अप्रैल को 6 हजार 167 एवं 18 अप्रैल को 2 हजार 186 तथा 19 अप्रैल को एक हजार 639 और 20 अप्रैल को मात्र एक हजार 500 ट्रिपिंग हुईं। इसी तरह 16 अप्रैल को जहां ट्रिपिंग के दौरान पूरे प्रदेश के फीडरों पर कुल 14 हजार 443 घंटे बिजली बाधित रहीए वहीं 20 अप्रैल को मात्र 894 घंटे बिजली बाधित हुईं।

देश हित में इंदिरा जी ने राष्ट्रीयकरण किया था, मोदी जी स्वहित के लिये निजीकरण कर रहे हैं - कमलनाथ

✷ मुख्यमंत्री कमलनाथ ने बैतूल के आमला में विशाल चुनावी सभा में मोदी सरकार की नीतियों पर बोला हमला

भोपाल 23 अप्रैल (ए) मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आज विभिन्न सभाओं में मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि देशहित में बैंकों सहित अन्य संस्थानों का पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी ने राष्ट्रीयकरण किया था। उन संस्थानों का पिछले पाँच साल में मोदी सरकार ने स्वहित में निजीकरण कर दिया। इससे देश में एक नए खतरे की शुरुआत हुई जिसके भयंकर परिणाम भुगतने होंगे। श्री नाथ आज कोयलांचल बैतूल के आमला में कांग्रेस के प्रत्याशी राम टेकाम के समर्थन में विशाल चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि इंदिरा जी ने गरीबी हटाने और देश को ताकत देने के लिए बैंकोए कोयला खदानों सहित कई क्षेत्रों में निजीकरण समाप्त कर राष्ट्रीयकरण किया था। जिसका लाभ देश को मिला। हो गया है। श्री नाथ ने कहा कि मेक.इन मोदी सरकार की निजीकरण नीति ने देश को न केवल कमजोर किया है बल्कि नोटबंदी जैसे फैसलों से बड़े पैमाने पर बेरोजगारी पैदा कर दी इससे देश की अर्थव्यवस्था के सामने गंभीर संकट खड़ा इंडियाए डिजिटल इंडियाए स्टार्टअप इंडिया का जो सपना मोदी जी ने इस देश को दिखाया था वह झूठा साबित हुआ। मोदी जी ने जो कहा उन्होंने पिछले पाँच साल के शासनकाल में उसे पूरा नहीं किया।

मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि मध्यप्रदेश में पिछले 15 साल के भाजपा शासनकाल में जितने उद्योग लगे नहीं उससे अधिक बंद हो गए। कांग्रेस सरकार उद्योग जगत में प्रदेश में निवेश के लिये विश्वास का एक नया वातावरण बना रही है। उन्होंने कहा कि मेरी सरकार को काम करने के लिये आचार संहिता लगने तक सिर्फ 75 दिन मिले। हमारी सरकार ने इतने अल्प समय यह बताया कि काम करने की नियत और नीति क्या होती है। मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि प्रदेश की जनता ने मामा की सच्चाई को पहचाना था। उन्हें सत्ता से उखाड़ फेंका अब बारी है उस चौकीदार मोदी की जिन्होंने देश की जनता के साथ ठगी की। जनता उनकी इस सच्चाई को पहचाने और केंद्र से मोदी सरकार की विदाई करें।

महाकाल मंदिर में आम और खास के बीच बढ़ रही खाई

✷ पुजारी रसूखदारों के लिए जगह घेर कर हो जाते हैं खड़े कलेक्टर ने दबोचा

भोपाल 23 अप्रैल (ए) प्रदेश के उज्जैन स्थित महाकाल मंदिर में आम और खास के बीच की खाई पाटने के बजाय और गहरी होती जा रही है। ये सब हो रहा है वहां के पुजारियों के इशारों पर। कलेक्टर ने सामने जगह घेर कर बैठे लोगों को दबौचा है और उन्हें सख्त चेतावनी देकर छोड़ दिया है। कुछ लोग पुजारियों के रसूखदार यजमानों को भस्मारती में आगे बैठाने के लिए पहले से जगह घेरकर बैठे थे। इसी बीच कलेक्टर यहां पहुंच गए और उन्होंने इन लोगों को पकड़ लिया। पांच ऐसे लोग पाए गए जो पुजारियों के नाम पर जगह घेरे हुए थे। इन्हें सख्त चेतावनी दी गई है। कहा गया है कि आगे से ऐसा करते पाए गए तो मंदिर में प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। उन पुजारियों का भी पता लगाया जा रहा है जिनके यजमानों के लिए ये लोग खड़े थे। महाकाल मंदिर आम और खास के बीच खाई पटने का नाम नहीं ले रही है। भस्मारती में आए यजमानों को पुजारी आगे बैठाने का प्रयास करते हैं। इसके एवज में मोटी दक्षिणा ली जाती है। पुजारी अपने कथित प्रतिनिधियों को पहले से जगह घेरकर खड़े रहने को कहते हैंए ताकि यहां आकर उनके रसूखदार यजमान बैठ सकें।

शिकायत मिलने पर कलेक्टर शशांक मिश्र लंबे समय से इस पर नजर रखवा रहे थे। सोमवार को तड़के 4 बजे वे खुद मंदिर पहुंच गए और पांच ऐसे लोगों को पकड़ा। जब पूछताछ की गई तो सारा मामला खुल गया। कथित प्रतिनिधियों ने बताया कि पुजारियों के कहने पर वे उनके यजमानों के लिए जगह रोककर खड़े हैं। कलेक्टर ने तत्काल सभी को सख्त चेतावनी दी। कहा कि आगे ऐसा किया तो मंदिर में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। सभी को तत्काल बाहर कर दिया गया। उन पुजारियों के बारे में भी पता किया जा रहा हैए जिनके यजमानों के लिए उक्त लोग खड़े थे। इस बारे में भस्मारती व्यवस्था के प्रभारी अधिकारी मूलचंद जुनवाल का कहना है कि कलेक्टर ने निरीक्षण कर कुछ कथित पुजारी प्रतिनिधियों को पकड़ा है। उक्त लोग पुजारियों के यजमानों के लिए जगह रोककर खड़े थे। सभी को सख्त चेतावनी दी गई है। आगे से ऐसा किया गया तो मंदिर में प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया जाएगा।

कमल नाथ को मुख्यमंत्री बनाने के लिए एक साल से चल रहे हरिनाम कीर्तन का समापन

भोपाल 23 अप्रैल (ए) कमल नाथ को मुख्यमंत्री बनाने के लिए छिंदवाड़ा जिले के ग्राम रामपुरी टोला के ग्रामीणों द्वारा 2017 के सावन मास से मंदिर में शुरू किया गया हरिनाम कीर्तन का समापन मुख्यमंत्री बनने के बाद कमल नाथ ने किया। ग्रामीणों ने इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित होकर मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ का अभिनंदन और अभिवादन किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री कमल नाथ ने कहा कि ग्राम रामपुरी टोला की जनता के साथ ही पूरे छिंदवाड़ा जिले के लोगों ने पिछले 40 साल से मेरे प्रति जो आत्मियता और सद्भावना रखी उसी का परिणाम है कि मैं आज इस प्रदेश का मुखिया बनने की जिम्मेदारी संभालने में सक्षम हुआ। उन्होंने कहा कि जिले के हर व्यक्ति के विकास और खुशहाली का बीड़ा जो मैंने उठाया था अब प्रदेश के मुखिया बनकर सभी नागरिकों और विशेषकर किसानों और नौजवानों की खुशहाली के लिए समर्पित रहूँगा। मुख्यमंत्री ने कहा मुझे यह ताकत छिंदवाड़ा की जनता जनार्दन से ही मिलेगी।

मुख्यमंत्री कमल नाथ अपने लोकसभा चुनावी दौरे के दौरान ग्राम रामपुरी टोला गए। इस गाँव के लोगों ने 2017 के सावन मास में यह संकल्प लिया और मनन्त मांगी थी कि जब तक प्रदेश के मुख्यमंत्री कमल नाथ नहीं बनते है तब तक लगातार 24 घण्टे कीर्तन करेंगे। गाँव के सभी लोग तभी से 24 घण्टे कीर्तन कर रहे थे। कमल नाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद भी यह हरिनाम कीर्तन चलता रहा है जिसका समापन आज मुख्यमंत्री बनकर श्री कमल नाथ ने किया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कीर्तन मंडली के साथ बैठक कीर्तन भी किया।

खुशहाल नौनिहाल अभियान की कार्यशाला सम्पन्न

भोपाल 23अप्रैल (ए) कमिश्नर श्रीमती कल्पना श्रीवास्तव ने कहा है कि खुशहाल. नौनिहाल यानि भोपाल को बाल भिक्षामुक्त?बनाने के लिए सर्वे और पुनर्वास की मुहिम समानांतर रूप से चलती रहेगी । उल्लेखनीय है कि भोपाल संभाग अंतर्गत बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन हेतु खुशहाल नौनिहाल अभियान का संचालन जिला प्रशासन एवं जिले की विभिन्न स्वयं सेवी संगठनों के माध्यम से किया जा रहा है । आज संभागायुक्त सभागार में सम्पन्न हुई एक दिवसीय वर्कशाप में महिला बाल विकास के आयुक्त श्री एमएबीएओझाए यूनिसेफ के प्रतिनिधि भी सम्मिलित हुए । अभियान की शुरूआत भोपाल जिले से 8 मार्च 2019 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला बाल संरक्षण इकाई एवं स्वयं सेवी संगठनों के संयुक्त सर्वे दल द्वारा सर्वे कार्य किया जाकर की गई थी । सर्वे दल द्वारा भोपाल जिले में विभिन्न स्थानों जैसे रेलवे स्टेशनए बस स्टेण्डए चौराहों आदि जगहों पर सर्वे किया जहां 145 बच्चे या तो अकेले या परिवार के साथ भिक्षावृत्ति करते पाये गये । इस प्रकार भोपाल संभाग अंतर्गत कुल 242 बच्चे या परिवार सर्वे में चिन्हांकित किये गये ।कमिश्नर ने पिछले डेढ़ माह में अभियान के अब तक किए गए प्रयासों की समीक्षा की । श्रीमती श्रीवास्तव ने कहा कि यूनीसेफ सहित अन्य संस्थाओं द्वारा दी गई एडवायजरी को भी अभियान में सम्मिलित किया जाएगा । उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वे और उनके पुनर्वास के सभी काम एक साथ चलने के फिल्हाल बेहतर नतीजे मिले हैं। उन्होंने अशासकीय संगठनों और सरकारी विभागों द्वारा खुशहाल नौनिहाल अभियान को चुनौती के रूप में लेकर सुखद परिणामों की ओर अग्रसर करने पर उनका आभार भी व्यक्त किया । बाल भिक्षावृत्ति के क्षेत्र में विगत 15 वर्षों से कार्यरत चेतनाए स्वयं सेवी संगठन द्वारा भिक्षावृत्ति एवं पुनर्वास के क्षेत्र में अपने अनुभव साझा किये । कार्यशाला में चेतनाए स्वयंसेवी संगठन नईदिल्ली के संचालक श्री संजय गुप्ता द्वारा कार्यशाला में उपस्थित सदस्योंए अधिकारियों को सर्वे में प्राप्त बालको के वैयक्तिक देखरेख योजना एवं परिवारों की सामाजिक जांच विवेचना को किस प्रकार तैयार करना हैए के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई । संजय गुप्ता द्वारा कार्यशाला में बताया गया कि वैयक्तिक देखरेख योजना एवं सामाजिक जांच रिपोर्ट के आधार पर बालक या परिवार की

आवश्यकता अनुसार शासन के विभिन्न विभागों की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जा रहा है । कार्यशाला में एक्टिविटी के माध्यम से भी भिक्षावृत्ति में संलग्न बालकों के पुनर्वास के संबंध में चर्चा की गई । कार्यशाला में उपस्थित सदस्यों को समूह में विभाजित कर समूह चर्चा की गई एवं समूह चर्चा उपरांत पुनर्वास कार्यक्रम तैयार किया गया ।

40 हजार 955 गैर जमानती वारंट तामील

भोपाल23 अप्रैल (ए) मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी व्हीएल्एल् कान्ता राव ने बताया कि 10 मार्च 2019 को आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील होने के बाद से 21 अप्रैल 2019 तक प्रदेश में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिये 40 हजार 955 गैर जमानती वारंट तामील करवाये गये। इस दौरान 2 लाख 61 हजार 239 शस्त्र थानों में जमा कराये गये।

वल्नेरेबिलिटी मैपिंग के अनुसार एक हजार 707 वल्नरेबल क्षेत्र चिन्हांकित किये गये। बाधा वाले संभावित 5 हजार 634 व्यक्तियों की पहचान की गयी है एवं 5 हजार 307 प्रकरणों में प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गयी है। प्रदेश में 12 हजार 728 किटिकल मतदान केन्द्रों को चिन्हित किया गया है।

जरूरतमंद बच्चों को निशुल्क किताबें उपलब्ध कराने की अभिनव योजना किताब घर प्रारंभ

भोपाल 23 अप्रैल (ए) नगर निगम द्वारा ऐसे जरूरतमंद विद्यार्थी जो पाठय पुस्तकें खरीदने में असमर्थ हैं को कोर्स की पुरानी किताबें उपलब्ध कराने के साथ ही पर्यावरण सुरक्षा के उददेश्य से एक अभिनव योजना प्रारंभ की है। किताब घर नाम से पहचानी जाने वाली इस योजना के तहत नागरिक अपने पास एकत्र पुरानी किताबेंए कापियां एवं अन्य पाठ्य सामग्री निगम द्वारा शहर के 20 चिन्हित स्थानों पर रखे गए पुस्तक पात्रों में डाल सकेंगे और निगम की सहयोगी संस्था इन पुस्तकों को पृथक.पृथक विषयए कक्षा अनुसार छांट कर जरूरतमंद बच्चों को उपलब्ध कराएगी। विश्व पुस्तक दिवस की पूर्व संध्या पर मुख्य सचिव एसएआरए मोहंती ने मंत्रालय परिसर में पुस्तकें दान कर इस योजना का शुभारम्भ किया और कहा कि यह एक अभिनव योजना है इससे पठन.पाठन में रूचि रखने वाले जरूरतमंदों की सहायता होगी और पुरानी किताबों का सदुपयोग होगा। इसके अतिरिक्त प्रमुख सचिव श्रीमती रश्मि अरूण शमीए जिला कलेक्टर डॉण् सुदाम पी खाडेए निगम आयुक्त विजय दत्ताए अपर आयुक्त कमल सोलंकी ने भी पुस्तकें दान की। उक्त अधिकारियों ने नागरिकों का आव्हान किया है कि वह अपने पास एकत्र पुरानी पुस्तकों को निगम की इस अभिनव योजना के तहत दान कर जरूरतमंदों का सहयोग करें। इस अवसर पर उपायुक्त हरीश गुप्ता सहित निगम के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

नगर निगम द्वारा पुरानी किताबों को नया घर उपलब्ध कराने के साथ ही जरूरतमंदों को पाठय पुस्तकें उपलब्ध कराने एवं अनावश्यक रूप से नई किताबें छापने में प्रयुक्त होने वाले कागज एवं बांस एवं अन्य पेड़.पौधों को काटने से रोक कर पर्यावरण की सुरक्षा करने के उददेश्य को अमलीजामा पहनाने हेतु आसरा जन कल्याण समिति के सहयोग से किताब घर योजना प्रारम्भ की गई है। इसके तहत् मल्टीलेवल पार्किंग ;न्यू मार्केटद्धए मल्टीलेवल पार्किंग ;एमएपीएनगरद्धए मल्टीलेवल पार्किंग ;बैरागढ़द्धए चार इमली नर्सरीध्नंदन कानन्ए न्यू मार्केट टाप एण्ड टाकनए आशिमा मॉलए भवन अनुज्ञा शाखा शाहपुराए औरा मॉलए आईएसएबीएटीएए कोहेफिजा फिटनेस सेंटरए मानस उद्यान ;गुफ मंदिरद्धए डॉण् अंबेडकर पुस्तकालय फोहगड शीतल प्रसाद तिवारी पुस्तकालय 5 नंबर बस स्टॉप सुरेन्द्र पटेल पुस्तकालय पुतलीघर आचार्य नरेन्द्रदेव पुस्तकालय कमला पार्कए वार्ड कार्यालय.57 पंचवटी मार्केट शक्तिनगरए सरयू सरोवर पार्क अयोध्या नगरए प्रकाश तरूण पुष्कर लिंक रोड नंबर 01ए डी बी मॉलए आकृति इको सिटी ई.8 एक्सटेंशन आदि स्थानों पर पुस्तकें एकत्रित करने हेतु पुस्तक पात्र रखे जा रहे हैं।

देश की मिट्टी में मिला है कांग्रेस का खून, उसे संघ कैसे अलग करेगा - दिग्विजय

भोपाल 23 अप्रैल (ए)। भोपाल से कांग्रेस प्रत्याशी दिग्विजय सिंह ने ट्वीट कर भाजपा प्रत्याशी प्रज्ञा ठाकुर के बयानों का जवाब दिया है। प्रज्ञा ठाकुर ने हेमंत करकरे की शहादत पर टिप्पणी की थी। मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेसी दिग्विजय सिंह ने प्रज्ञा ठाकुर के उन बयान के बहाने पूरे संघ को निशाने पर लिया है। उन्होंने कहा कि देश के लिए कांग्रेस ने बलिदान दिया है। उसका खून देश की मिट्टी में मिला हुआ है। संघ कांग्रेसियों के खून से कैसे अलग करेगा। दिग्विजय सिंह ने एक के बाद एक कई ट्वीट किए। दिग्विजय सिंह ने पहले ट्वीट किया.संघ के लोगों के लिए भारत माता कुछ नहीं। संघ ही सब कुछ है। शहीद हेमंत करकरे के विरुद्ध संघ के लोगों के बयान से साफ है कि उनके लिए भारत माता नहीं। संघ ही सब कुछ है। जो संघ की मर्जी के खिलाफ बोले वह देशद्रोही है।

उन्होंने आगे लिखा.भारत के शहीद भी अगर संघ को पसंद नहीं तो वह शैतान हैं। हमने संघ की नहीं संविधान की शपथ ली है। हम भारत माता के भक्त हैं। दिग्विजय सिंह ने उसके बाद दूसरा ट्वीट किया। उसमें लिखा कि भारत आज एक मजबूत राष्ट्र है। इसमें संघ की नहीं कांग्रेस के लोगों के कुर्बानियां शामिल हैं। महात्मा गांधीए इंदिरा जीए राजीव गांधी के बलिदान हैं। छत्तीसगढ़ए कश्मीरए पंजाबए असमए मणिपुरए त्रिपुरा। देश की मिट्टी में कांग्रेस का खून मिला हुआ है। उस खून की खुश्बू संघ को नहीं आती।

दिग्विजय सिंह ने तीसरा ट्वीट किया. नेहरु जी ने नए राष्ट्र के रूप में भारत की नींव रखी। उसमें संघ के श्यामा प्रसाद मुखर्जी को भी सम्मानपूर्वक शामिल किया। आप जो राष्ट्र बना रहे हैंए उसमें शहीदों का का सम्मान नहीं। महात्मा गांधीए इंदिरा जीए राजीव जी से हेमंत करकरे तक सब आपके लिए बस राजनीति हैध् बयोंध् दिग्विजय सिंह के ये ट्वीट प्रज्ञा ठाकुर के उन बयानों के जवाब में हैं जिसमें उन्होंने शहीद हेमंत करकरे की शहादत पर टिप्पणी की थी।